प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

मुख्यमत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के पीपी कंपाउंड स्थित गुरूनानक स्कूल परिसर में आयोजित प्रकाश उत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं।

****

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया में लुगु पहाड़ पर संथाली महाधर्म सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। राजकीय महोत्सव के आज तीसरे और अंतिम दिन देश–विदेश से दो लाख से अधिक श्रद्धालु जुटे हैं। हमारे बोकारो संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महाधर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

****

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दामोदर नदी में बोकारो धनबाद के हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। दामोदर नदी में बड़ी संख्या में महिलाओं ने डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने बताया, आज के दिन नदियों में स्नान का गंगा स्नान का लाभ मिलता है।

****

ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने 8 आरोपियों को समन जारी किया है. तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ लोगों को समन जारी किया गया है। पीएमएलए कोर्ट में 27 नवंबर को अगली सुनवाई होगी।

****

चतरा पुलिस मादक पदार्थों की अवैध खेती एवं खरीद बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। बीते 5 महीनों के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से करीब 15 करोड़ 60 लाख से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किए गये हैं। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमीत अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान 87 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेजा गया है जबकि 29 मामलों में न्यायायिक कार्रवाई पूरी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में नशे के उपयोग के विरुद्ध जन जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ।

****

गोड्डा जिले के सदर अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसको लेकर उपायुक्त स्तर से कार्य आरंभ कर दिया गया है। सदर अस्पताल में मेजर सर्जरी को लेकर मरीजों के लिए एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन सेट की खरीदारी करने, लेप्रोस्कोपिक सेट खरीदने, हड्डी रोग के मरीजों की सर्जरी हेतु आवश्यक उपकरण खरीदने की तैयारी है।

****

सिमडेगा के प्रसिद्ध तीर्थस्थल रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में ठंड और कनकनी बढ़ गई है। खूंटी जिले में न्यूनतम तापमान गिरकर 13.4 डिग्री पहुंच गया है। आने वाले दिनों में पारे में और गिरावट होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी।
विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं आएगा जबकि इसके दो–तीन दिनों बाद तापमान में दो–तीन डिग्री की वृद्धि होगी। बाद में तापमान में फिर से दो–तीन डिग्री की कमी हो सकती है।

****